# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

निबंधित कार्यालय, विद्युत भवन बेली रोड, पटना–800021

(CIN- U740110BR2012SGC018889)

संकल्प संख्या– 2141 पटना,दिनांक– 29/08/22

**T-III/Alleg.-16008/2021**

श्री उदय कुमार शर्मा, तदेन प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना सम्प्रति प्रशाखा पदाधिकारी, पेसू, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना के विरूद्ध कर्त्तव्य की अवहेलना एवं घोर कदाचार के प्रथम द्रष्टया प्रमाणित आरोपों के लिए प्रपत्र ''क'' में आरोप पत्र गठित करते हुए विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया।

तदनुसार विभागीय संकल्प संख्या–1118, दिनांक–02.05.2022 द्वारा श्री उदय कुमार शर्मा, तदेन प्रशाखा पदाधिकारी, कंपनी मुख्यालय के विरूद्ध प्रपत्र ''क'' में गठित निम्न आरोपों के लिए विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

1. मुण्डेश्वरी ग्रिड में पदस्थापित महिला कर्मियों के स्थानान्तरण संबंधी प्रस्ताव के क्रम में मामले को विषयांतरित करते हुए टिप्पणी देना।
2. वरीय पदाधिकारियों द्वारा लिए निर्णय पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करना।

उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत विशेष सचिव, बिहार सरकार को संचालन पदाधिकारी एवं श्री शशिकांत कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, कंपनी मुख्यालय, पटना को उपास्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

संचालन पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यवाही संबंधी जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर अपने पत्रांक–222, दिनांक–01.08.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन अपने स्पष्ट मंतव्य के साथ कार्यालय को समर्पित किया गया। उक्त जाँच प्रतिवेदन में संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री शर्मा के विरूद्ध गठित दोनों आरोपों को अप्रमाणित प्रतिवेदित किया गया।

तदोपरांत, संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर की गयी एवं समीक्षोपरांत संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से सहमत होते हुए श्री उदय कुमार शर्मा, तदेन प्रशाखा पदाधिकारीं, ट्रांसमिशन कंपनी को **आरोप मुक्त** करने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया।

अतः श्री उदय कुमार शर्मा, तदेन प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को आरोप मुक्त करते हुए विभागीय कार्यवाही समाप्त की जाती है।

<u>आदेशः</u>– आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की हस्ताक्षरित प्रति श्री उदय कुमार शर्मा, तदेन प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना सम्प्रति प्रशाखा पदाधिकारी, पेसू, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को हस्तगत करा दी जाय।

**आदेश से,**

ह0/–

(राधा मोहन प्रसाद)

महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

ज्ञापांकः– ____________/ पटना, दिनांक– ____________/

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनेरेशन कंपनी लिमिटेड / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

(राधा मोहन प्रसाद)

महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

ज्ञापांकः— 2142 पटना, दिनांक— 29/08/22

प्रतिलिपिः— सभी महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, पेसू क्षेत्र, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/सभी महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी उपमहाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ सभी उपमहाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), पेसू क्षेत्र, पटना/डी0बी0ए0/लेखा पदाधिकारी, (स्थापना एवं वेतन पर्ची), साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना एवं श्री उदय कुमार शर्मा, तदेन प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना सम्प्रति प्रशाखा पदाधिकारी, पेसू, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2 डी0बी0ए0, BSPTCL से अनुरोध है कि इस आदेश की हस्ताक्षरित प्रति को कंपनी के वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपया की जाय।

29.8

(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)

29/8/22

copy